पुलिस प्रशिक्षण निदेशालय उत्तर प्रदेश

इन्दिरा भवन चतुर्थ तल, अशोक मार्ग, लखनऊ।

संख्या प्रनि — व-15-2016/ 1785 दिनांक:अप्रैल 26 ,2016

सेवा में,

1. पुलिस महानिदेशक,
   पुलिस प्रशिक्षण विद्यालय, गोरखपुर।
2. अपर पुलिस महानिदेशक
   पुलिस अकादमी मुरादाबाद / पीटीसी मुरादाबाद / पीटीसी सीतापुर / एपीटीसी सीतापुर / पीटीएस मेरठ।
3. पुलिस महानिरीक्षक ,
   पीटीएस, मुरादाबाद।
4. पुलिस अधीक्षक, पीटीसी, उन्नाव
5. पुलिस अधीक्षक, ए0पी0टी0एस0, मीरजापुर।

कृपया प्राय: यह देखने में आ रहा है कि संस्था प्रमुखों द्वारा उस संस्था में नियुक्त अधीनस्थ अधिकारी के किसी संस्था में व्याख्यान देने या अन्य राजकीय कार्य में प्रतिभाग किये जाने की अनुमति हेतु इस निदेशालय को पत्र प्रेषित किया जाता है, जबकि वे स्वयं इस हेतु अधिकृत हैं।

2 उक्त संबंध में यह स्पष्ट किया जाता है कि संस्था प्रमुख को किसी राजकीय कार्य से यदि अनुमति की आवश्यकता हो तो वह अनुमति के लिए प्रशिक्षण निदेशालय को पत्र प्रेषित कर अनुमति प्राप्त करेंगे। संस्था प्रभारी के अतिरिक्त अन्य अधीनस्थ अधिकारियों के मामलों में संस्था प्रमुख स्वयं अनुमति देंगे। कृपया यह भी ध्यान रखा जाये कि यदि संस्था में नियुक्त अधीनस्थ अधिकारी किसी संस्था में व्याख्यान आदि देने हेतु आमंत्रित किये जाते है तो संस्था प्रभारी उन्हें सामान्यतया अनुमति अवश्य दे दें। अत्यन्त अपरिहार्य कारणों से ही अनुमति रोकी जाये।

26/4/16

(सुलखान सिंह)

पुलिस महानिदेशक,प्रशिक्षण,

उ0प्र0, लखनऊ